लिए उक्त बैंक में आवेदन किया था,जिस संबंध में कॉपरेटिव बैंक मैनेजर रामफल ने लोन मंजूर करने के लिए मेरे से 50,000/- रूपए रिश्वत की मांग करने लगा, मैनें मजबूर होकर व बिमारी का हवाला देकर व हाथ जोड़कर निवेदन किया की मैं इतनी बडी रकम आपको नही दे सकता,तो बैंक मैनेजर ने कहा की आप 40,000/-रूपए मुझे दे देना क्योकि आप मेरे समुदाय से हो। दिनांक 03.09.2025 को मेरे खाता में लोन की किस्त कुल 3,00,000/- रूपए आए तो बैंक मेनेजर रामफल मुझे कहने लगा इस समय आप मुझे 20,000/-रूपए दे दो, जो मजबूर होकर मैने 20,000/-रूपए 03.09.2025 को मैनेजर रामफल को भूना बैंक में दिये और मैनेजर ने कहा की आपकी बकाया लोन राशि तीन लाख रुपये 5/7 दिन में दे देंगे। जों दिनांक 17.09.2025 को लोन की राशि 3,00,000/-रूपए मेरे खाता में आ गई थी। अब फिर से बैंक मैंनेजर रामफल लोन करवाने के बदले में 20,000/-रूपए रिश्वत की मांग करने लगा, जो मैने बैंक मैनेजर से हाथ जोडकर कहा की कुछ रूपए कम कर लो मैं गरीब जमीदार आदमी हूँ, तो कहने लगा आप मुझे 15,000/-रूपए दे दो। मैं 15,000/- रूपए रिश्वत राशि बैंक मैनेजर रामफल को नही देना चाहता, मैं रामफल मैनेजर को रगें हाथों पकड़वाना चाहता हूँ। रिश्वत मांगने बारे मैने बैंक मैनेजर रामफल की रिकार्डिंग मैनें फोन में कर रखी है। जो रिश्वत मांगने की रिकार्डिंग मैंने की हैं, वह रिकार्डीग मैं आपको बाद में पेश कर दुंगा। कृप्या करके भ्रष्ट बैंक मेनेजर रामफल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जावे ।

SD/-कृष्ण

प्रार्थीः

कृष्ण लाल पुत्र गनीराम वासी

गांव नाढ़ोडी जिला फतेहाबाद

मो.न.9467843756, 9812156366

दिनांक 09.10.2025

कार्यवाही पुलिस- आज मन निरीक्षक हाजीर कार्यालय राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार मण्डल, हिसार हाजिर हूँ कि मेरे मोबाईल नम्बर 9416483386 पर मोबाईल न. 9467843756 से कॉल प्राप्त हुई कि मैं कृष्ण लाल बोल रहा हूँ, मेरे से एक सरकारी कर्मचारी रिश्वत की मांग कर रहा है जिसको मैं रंगे हाथों पकड़वाना चाहता हूं । आप आ जाओ मैं आपको भुना जिला फतेहाबाद मिलुँगा व अन्य बातें मैं आपको वहां पर मिलकर बतला दुगां। जिस पर मन निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक, राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार को हालात बारे अवगत करवाया । जिन्होने श्री राजेश कुमार जिला रोजगार अधिकारी फतेहाबाद को बतौर राजपत्रित/स्वतंत्र गवाह नियुक्त किया व नियमानुसार कार्यवाही करने के आदेश दिए । जिस पर मन निरीक्षक ने राजपत्रित अधिकारी / स्वतंत्र गवाह श्री राजेश कुमार जिला रोजगार अधिकारी फतेहाबाद को मेरे मोबाईल नंबर 9416483386 से उनके मो.न. 9812122065 पर बात करके अपने साथ एक कर्मचारी लेकर भुना पहुँचने व रैड की कार्यवाही करके ने लिए सूचित किया । मन निरीक्षक मय ASI संजय कुमार न. 685/पानीपत, HC सुमित कुमार न. 589/जीन्द, महिला सिपाही सुनैना न. 2114/सोनीपत, मय गाड़ी सरकारी न0 HR-03GV-7519 चालक ASI पवन कुमार न. 1270/हिसार मय प्राईवेट गाड़ी मय लैपटोप प्रिंटर मय तफ्तीशी बैंग के भुना के लिए रवाना हुये । जो रास्ते में शिकायतकर्ता कृष्णलाल वा राजपत्रित अधिकारी को फोन किया कि आप पी.डब्ल्यु रेस्ट हाऊस फतेहाबाद आ जाओ। जो मन निरीक्षक मय साथी कर्मचारी मय गाड़ी सरकारी व प्राईवेट के नजदीक न्यु PWD रैस्ट हाऊस फतेहाबाद पहुँचा हूँ। जहां पर उप.निरीक्षक सुरेश कुमार 625/सिरसा, मुख्य सिपाही कुलदीप सिंह न . 537/ हांसी व सिपाही जसबीर सिंह न. 1426/ सिरसा हाजिर मिले हैं व थोडी देर बाद राजपत्रित अधिकारी श्री राजेश कुमार जिला रोजगार अधिकारी फतेहाबाद व उनके स्वतंत्र गवाह श्री सतपाल लिपिक, कार्यालय जिला रोजगार अधिकारी फतेहाबाद मुलाकी हुए व उसी समय एक व्यक्ति ने मुलाकी होकर मन निरीक्षक को बतलाया कि मेरा नाम कृष्ण लाल पुत्र गनीराम वासी नाढौडी तहसील भुना जिला फतेहाबाद है मैंने ही आपको सुचना दी थी। शिकायतकर्ता से हालात से अवगत होकर मैंने उनका परिचय राजपत्रित अधिकारी श्री राजेश कुमार व छाया गवाह श्री सतपाल से करवाया । शिकायतकर्ता ने बतलाया कि को.आ. बैंक मैनेजर भुना का मैनेजर रामफल लोन करवाने की ऐवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। रिश्वत राशि मांगने बारे की गई बातचीत की रिकोर्डिंग मैने फोन में कर रखी है, जिसको मैंने वा राजपत्रित अधिकारी ने सुना है। शिकायतकर्ता ने बतलाया कि मैं आपको रिकार्डिंग बाद में पेश कर दूँगा व अपनी टाईपशुदा दरखास्त बरखिलाफ रामफल बैंक मैनेजर बाबत मांगने रिश्वत व रिश्वत राशि 15 हजार रुपये मन निरीक्षक को पेश की । जिसकी अलग से सुचि तैयार की गई। रैडिंग पार्टी तैयार करके हालात बारे राजपत्रित अधिकारी व स्वतंत्र गवाह को दौबारा अवगत करवाया गया । शिकायतकर्ता कृष्णलाल के द्वारा पेश की गई दरखास्त व

